

## सुपरफास्ट खबरें

### पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे

**संवाददाता** अल्मोड़ा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिससे लोगों में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये जागरूकता आयेगी। यह बात जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कलैक्ट्रेट परिसर में आयोजित एक बैठक के दौरान कही। उन्होंने बताया कि दिनांक 04 जून से 06 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 04 जून को करबला से शिखर तिराहे तक ''रन फॉर क्लीन एयर'' दौड़ आयोजित की जायेगी।

### अलविदा जुमे की नमाज अता कर रोजेदारों ने मांगी दुआएं

**संवाददाता** हरिद्वार। पवित्र रमजान माह के अलविदा जुमे की नमाज उपनगरी ज्वालापुर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में उत्साहपूर्वक अता की गयी। रोजेदारों ने अलविदा जुमे की नमाज अता कर गुनाहों से तोबा करने का संकल्प लिया तथा अल्लाह से देश व समाज की खुशहाली, तरक्की तथा भाईचारे व एकता की दुआएं मांगी।

### समाज में बुराई की तरह फैल रहा तम्बाकू का सेवनः सरोहा

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर चोपता में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आरती सरोहा ने बताया कि तम्बाकू का सेवन समाज में एक बुराई की तरह फैल रहा है।

### मंत्रीमण्डल गठित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गंगा पूजन

**संवाददाता** हरिद्वार। देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के प्रचंड बहुमत के साथ आने एवं मंत्रिमंडल गठित होने भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मां गंगा की पूजा अर्चना कर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया। भाजपा सप्तऋषि मण्डल अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि देश भर में प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार सत्ता में काबिज हुई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को शिखर की ओर ले जाने वाले नेता हैं। उन्होंने देश को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने में योगदान दिया।

## जागेश्वर धाम में प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली बैठक

# खाद्य पदार्थों सहित दुकानों की निरन्तर हो जाँच

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

आगामी 16 जुलाई से जागेश्वर में प्रारम्भ होने वाले प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियाँ समय से पूर्ण कर ली जाय। यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में मेले से जुडे अधिकारियों को दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को 25 जून तक सडकों को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेले के दौरान पेयजल की आपूर्ति बनी रहे तथा पेयजल वितरण हेतु टैंकरों की व्यवस्था भी समय से कर ली जाए। इसके अलावा पेयजल टैंको की सफाई करने के साथ ही उसमें दवाईयों का छिड़काव कर दिया जाय और स्टैण्ड पोस्टो की मरम्मत सहित क्षतिग्रस्त पाइन लाइनों को ठीक कर लिया जाय। दुग्ध विकास के अधिकारियों को मेले में दुध की आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि मेले अवधि में खाद्य सामग्रियों की उपलब्धता बनी रहे इसका विशेष ध्यान रखना होगा। मेले के दौरान खाद्य पदार्थों सहित दुकानों की निरन्तर जॉच की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि मेले के उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय बच्चों के द्वारा कलश यात्रा में सहभागिता की जायेगी इसके लिये मुख्य शिक्षाधिकारी व खण्ड शिक्षाधिकारी समय से व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। विद्युत व उरेड़ा विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे की इस दौरान विद्युत आपूर्ति बनी रहे तथा जो भी विद्युत पोल जीर्णशीर्ण हालत में उन पोलों को तुरन्त बदलने की कार्यवाही की जाय साथ ही मेले के दौरान जो केबिल लाइन बिछायी जायेगी उसकी भी जॉच अधिशासी अभियन्ता विद्युत करेंगे उसके बाद ही विद्युत कनैक्शन सम्बन्धित दुकानों को दिये जायेंगे। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेले के दौरान बड़ी बसों यथा रोजवेज व केएमओयू की व्यवस्था अवश्य कर लें और उसके लिये निर्धारित समय भी तैयार कर लिया जाए।



डीएम अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

### नंदा देवी फतह करने गए विदेशी पर्वतारोहियों सहित आठ लापता

**संवाददाता** पिथौरागढ़। 13 मई को मुनस्यारी से नंदा देवी ईस्ट 7434 मीटर ऊंची चोटी फतह करने गए इंग्लैंड, अमेरिका और आस्ट्रेलिया के सात पर्यटकों सहित एक भारतीय लापता है। पर्वतारोहियों के लापता होने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और तहसील प्रशासन ने राजस्व दल को भेज दिया है और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर जाने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। मैसर्स हिमालयन रन एवं ट्रेक लिमिटेड नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस पर्वतारोहण अभियान में ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका और आस्ट्रेलिया के सात पर्वतारोही शामिल हैं। जिसमें टीम लीटर इंग्लैंड के मार्टिन मैक्रन हैं। दल 13 मई को मुनस्यारी से रवाना हुआ। दल को शनिवार एक जून को मुनस्यारी लौटना था। बताया जा रहा है कि दल के सदस्य जब 6000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर थे तब से लापता हैं।

# पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा विश्व गुरू

हरिद्वार। **संवाददाता**

■बाबा अमीर गिरी धाम में संतों ने किया स्वामी असीमानंद का स्वागत

बाबा अमीरगिरी धाम के परमाध्यक्ष एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमहंत विनोद गिरी महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार बनने से पूरा संत समाज हर्षित है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू की पदवी पर आसीन होकर पूरी दुनिया का नेतृत्व करेगा।

प्रचण्ड बहुमत के साथ दोबारा सत्ता में आयी मोदी सरकार को अयोध्या में भव्य राममंदिर बनाने की संतों व करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की इच्छा को पूरा करने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। राममंदिर निर्माण में आ रही सभी बाधाओं को जल्दी जल्दी से दूर कर भव्य राममंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। आश्रम में आयोजित स्वामी असीमानंद महाराज के स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमहंत विनोद गिरी महाराज ने कहा कि भारी बहुमत के साथ दूसरी बार केंद्र की सत्ता संभाल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिंदू जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अयोध्या में राममंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के साथ कश्मीर से धारा 370 हटाने, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में भी तेजी से कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि संतों के आशीर्वाद व सहयोग से ही भाजपा को भारी बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि स्वामी असीमानंद महाराज संत समाज का गौरव हैं। भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। पूरा संत समाज असीमानंद महाराज के साथ मजबूती से खड़ा है। देश की जनता कभी किसी संत के साथ अन्याय होते नहीं देख सकती।



दूसरे को मिष्ठान खिलाते भाजपा कार्यकर्ता।

### मोदी मंत्रिमण्डल में निशंक को शामिल किये जाने से कार्यकर्ता उत्साहित

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को केन्द्रीय मंत्रीमण्डल शामिल किये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने सांसद निशंक को बधाई देते हुए आतिशबाजी की और एक–दूसरे को मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया। शुक्रवार को भाजपा जिला महामंत्री अजय सेमवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग के हनुमान चौक में एकत्रित हुए और आतिशबाजी करने के बाद एक–दूसरे को मिष्ठान वितरित कर हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को मंत्रीमण्डल में शामिल किये जाने पर खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ईमानदार एवं स्वच्छ छवि के नेता हैं।

# अतिथि देवो भवः की परम्परा निभा रहे प्रशासनिक अधिकारी

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

## नौ हेली सेवाओं का संचालन शुरू, तीर्थयात्रियों को मिली राहत

केदारनाथ यात्रा प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। इस चुनौती का प्रशासन डटकर सामना कर रहा है। यात्रा में आये तीर्थयात्रियों की हरसंभव मदद की जा रही है। इस बार बर्फवारी और बारिश के कारण यात्रा में अड़चने पैदा हुई हैं, बावजूद इसके प्रशासनिक अमला यात्रियों को सुविधाएं जुटाने में लगा है। आये दिन व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। केदारनाथ के लिए नौ हेली सेवाओं का संचालन शुरू हो गया है। अब टिकट को लेकर परेशान तीर्थयात्रियों को राहत मिल गई है। इसके अलावा धाम में रहने व खाने के लिए गढ़वाल मण्डल विकास निगम ने एक दर्जन और टेंटो को लगाया है। अब तक केदार यात्रा का आंकड़ा 23 दिन के भीतर ढाई लाख के पार पहुंच गया है।

दरअसल, केदारनाथ यात्रा में व्यवस्थाओं को जुटाना किसी पहाड़ सी चुनौती से कम नहीं है। शीतकाल में धाम बर्फ से ढका रहता है तो ग्रीष्मकाल में लगातार बारिश का सिलसिला जारी रहता है। भगवान भोले के दरबार में वर्ष 2013 की आपदा के बाद से कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों को अमलीजामा पहनाने के साथ ही हर साल कपाट खुलने पर तीर्थयात्रियों को व्यवस्थाएं जुटाने का भी कार्य किया जाता है। पिछले वर्ष का रिकार्ड देखें तो सात लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किये। यह आंकड़ा अब तक का सबसे बड़ा रिकार्ड रहा है। धाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट पर भी कार्य किया जा रहा है। शीतकाल में भी धाम में कार्य किये जाते हैं, लेकिन इस वर्ष अत्यधिक बर्फवारी के कारण धाम में कोई भी कार्य नहीं हो पाए, इसके अलावा यात्रा व्यवस्थाओं को जुटाने में काफी हद तक समस्याओं का सामना करना पड़ा। लेकिन प्रशासन ने इन चुनौतियों का डटकर सामना किया।

गौरीकुंड से केदारनाथ यात्रा मार्ग को सुदृढ़ किया गया तो केदारनाथ में बर्फ हटाकर तीर्थयात्रियों के लिए रहने व खाने की उचित व्यवस्था की। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं का भी विशेष ध्यान रखा।

## पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में तीन पर कार्य पूर्ण



डीएम मंगेश घिल्डियाल।

रुद्रप्रयाग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारधाम में कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों की लागत लगभग डेढ़ सौ करोड़ है, जिनमें तीन कार्य पूरे कर लिये गये हैं। केदारधाम में मंदाकिनी नदी 56 करोड़ की लागत से सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि गोल चबूतरे से लेकर मंदिर के रास्ते का चौड़ीकरण का कार्य 25 करोड़ में पूरा किया गया है। इसके साथ ही सरस्वती नदी पर घाट और सुरक्षा कार्य अगस्त माह तक पूरा हो जायेगा। सरस्वती नदी पर आस्था पथ भी बनाया जा रहा है। घाट, सुरक्षा व आस्था पथ की लागत करीब 26 करोड़ है। धाम में दो कार्य अन्य होने हैं, जिनमें तीर्थ पुरोहितों के भवनों का निर्माण कार्य होना है। 73 तीर्थ पुरोहितों को भवनों का लाभ दिया जाना है। जून अंत तक दो भवनों का कार्य पूरा कर लिया जायेगा, जबकि दो और अन्य भवनों का कार्य भी शुरू कर लिया गया है। केदारधाम में शंकराचार्य की समाधिस्थल का कार्य भी होना है। मशीनों में खराबी के कारण एक सप्ताह बाद कार्य शुरू कर लिया जायेगा। 2020 तक इस कार्य को पूरा कर लिया जायेगा। पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत पांच कार्यों का होना है, जिनकी लागत 150 करोड़ के करीब है।